B/ 5,000

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा, 2026–27
# कक्षा–12
# भूगोल

समय : 3 घण्टे 15 मिनट                                        पूर्णांक : 70

निर्देश :

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रश्न संख्या 1 से 8 तक बहुविकल्पीय हैं। प्रश्न संख्या 9 से 16 तक अति लघु उत्तरीय हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 20 शब्दों में, प्रश्न संख्या 17 से 22 तक लघु उत्तरीय हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 50 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 23 तथा 24 विस्तृत उत्तरीय हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए। प्रश्न संख्या 25 एवं 26 मानचित्र सम्बन्धित प्रश्न हैं।

(iv) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(v) उपयुक्त रेखा–मानचित्रों एवं आरेखों द्वारा अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. निम्न में से कौन–सा देश प्राकृतिक रबर का प्रमुख उत्पादक है? 1

(अ) चीन (स) भारत

(ब) दक्षिण अफ्रीका (द) मलेशिया

2. निम्न में से कौन–सी बागाती फसल है? 1

(अ) चना (स) रबर
(ब) गेहूँ (द) धान

3. निम्नलिखित महाद्वीपों में से किसकी जनसंख्या का घनत्व सर्वाधिक है? 1

(अ) अफ्रीका (स) दक्षिणी अमेरिका
(ब) उत्तरी अमेरिका (द) यूरोप

4. कौन–सी संकल्पना प्रकृति की सर्वोच्चता में विश्वास करती है– 1

(अ) पर्यावरणीय निश्चयवाद (स) नव निश्चयवाद
(ब) सम्भववाद (द) प्रत्यक्षवाद

5. भारत के किस राज्य में जन्मदर सबसे कम है? 1

(अ) केरल (स) गोवा
(ब) जम्मू कश्मीर (द) ओडिशा

6. सड़क के किनारे विकसित मानव बस्तियों का प्रकार है– 1

(अ) आयताकार (स) वृत्ताकार
(ब) रेखीय (द) वर्गाकार

7. निम्नलिखित में से जल किस प्रकार का संसाधन है– 1

(अ) अजैविक संसाधन (स) चक्रीय संसाधन
(ब) जैविक संसाधन (द) इनमें से कोई नहीं

8. बॉम्बे हाई खनन के लिए प्रसिद्ध है– 1

UPBoardHub

(अ) लौह अयस्क (स) खनिज तेल

(ब) ताँबा (द) बauxite

# (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

9. जनसंख्या घनत्व की व्याख्या कीजिए।
10. मानव विकास के चार स्तम्भ कौन–से हैं?
11. पशुओं पर आधारित दो उद्योगों के नाम लिखिए।
12. ट्रक फार्मिंग से आप क्या समझते हैं?
13. सन्नगर को परिभाषित कीजिए।
14. भारत के दो प्रमुख गेहूँ उत्पादक राज्यों के नाम बताइए।
15. क्षयी संसाधनों के दो उदाहरण दीजिए।
16. जल संभर प्रबन्धन से आप क्या समझते हैं?

# (लघु उत्तरीय प्रश्न)

17. गहन निर्वाह कृषि की मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 4
18. स्वच्छन्द उद्योग की व्याख्या कीजिए। 4
19. जनसंख्या प्रवास के प्रतिकर्ष कारकों का वर्णन कीजिए। 4
20. भारत में घटते लिंगानुपात के कारणों का उल्लेख कीजिए। 4
21. ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन का विवरण प्रस्तुत कीजिए। 4
22. भारत में अभ्रक के वितरण का वर्णन कीजिए। 4

# (विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)

23. मानव भूगोल के अर्थ एवं विषय क्षेत्र का वर्णन कीजिए। 2+ 4

अथवा

बागाती कृषि से आप क्या समझते हैं? बागाती कृषि के क्षेत्र बताते हुए इसकी प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 2+ 4

24. भारत में चावल की कृषि का वर्णन कीजिए। 6

अथवा

भारत में नगरीय बस्तियों की प्रमुख समस्याओं की विवेचना कीजिए। 6

## (मानचित्र सम्बन्धित प्रश्न)

25. भारत के दिए गए मानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों द्वारा दर्शाइए तथा उनके नाम भी लिखिए–

(i) सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) सर्वाधिक चाय उत्पादक राज्य। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) पश्चिमी तट का प्रमुख बन्दरगाह। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) भारत में सबसे अधिक मानव विकास सूचकांक वाला राज्य। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) पूर्वी भारत में पेट्रोलियम उत्पादक राज्य। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

26. विश्व के दिए गए मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए तथा उनके नाम भी लिखिए–

(i) संयुक्त राज्य का प्रमुख लोहा इस्पात केन्द्र। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) मध्य अमेरिका की जहाजी नहर। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) रूस का राजधानी नगर। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) न्यूनतम जनसंख्या वाला महाद्वीप। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) दक्षिणी पूर्वी एशिया का प्रमुख समुद्री पत्तन। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

आप UPBoardHub पर अपने Recent पेपर को भेज कर 10₹–20₹
प्रति पेपर Reward पा सकते हैं